# बहिार में जारी हुआ जातीय आधारति सर्वेक्षण

## चर्चा में क्यों?

2 अक्तूबर, 2023 को बहिार में वकिास आयुक्त ववि‍क कुमार सहि ने प्रेस कांफ्रेंस कर जातीय गणना के आँकड़े जारी कयि।

## प्रमुख बदिु

- आँकडों के अनुसार राज्य में अत्यंत पछिड़ा व पछिड़ा वर्ग की आबादी 63% है। इनमें पछिड़ा वर्ग 27.12 व अत्यंत पछिड़ा वर्ग 36.01% है। वहीं अनुसूचति जात‍ि 19.65% और अनुसूचति जनजात‍ि 1.68% है, जबक‍ि अनारक्षति (हिदू व मुसलमान) की संख्या कुल आबादी का 15.52% है। उनमें सवर्ण (भूमहिार, ब्राह्मण, राजपूत व कायस्थ) 10.56% हैं
- जातीय गणना के प्रथम चरण में घरों के सर्वे की प्रक्रयि‍ा 7 जनवरी, 2023 से शुरू हुई। इसे 31 जनवरी तक पूरा कयि‍ा गया। दूसरा चरण 15 अप्रैल से 15 मई तक चलना था, कति‍ु 4 मई को हाईकोर्ट के आदेश पर गणना कार्य रुक गया। हाईकोर्ट ने 1 अगस्त को हरी झंडी दी।
- 11 साल में 2.66 करोड़ की वृद्ध‍ि के साथ राज्य की आबादी 13 करोड़ 7 लाख हो गई है। वहीं जात‍ि आधारति गणना की जारी रपि‍ोर्ट में जातयि‍ों की संख्या 214 बताई गई है।
- उल्लेखनीय है क‍ि आजादी के बाद पहली बार देश में कसि‍ी राज्य में जातीय आधारति सर्वेक्षण जारी हुआ। बहिार के पहले कर्नाटक, तेलंगाना, ओड़शि‍ा आद‍ि राज्यों ने जातीय गणना की पहल कयि‍े थे, लेकनि वे रपि‍ोर्ट जारी नहीं कर सके थे।





PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/caste-based-survey-released-in-bihar

दृष्टि The Vision